भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3863**

**18 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**बिहार में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम**

**3863. श्री देवेश चन्द्र ठाकुर:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में कार्यरत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदामों की वर्तमान संख्या कितनी है;

(ख) क्या इन गोदामों में क्षमता से अधिक खाद्यान्न रखे जाते हैं जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में खाद्यान्न खराब हो जाते हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को बिहार में नए गोदामों के निर्माण के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है या ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ड.) यदि हां, तो इनका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**

**(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)**

**(क):** दिनांक 01.11.2024 तक की स्थिति के अनुसार, बिहार में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), 75 (स्वामित्व वाले-11 और किराए पर लिए गए- 64) गोदामों का परिचालन कर रहा है।

**(ख) और (ग):** पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान भंडारण क्षमता के कारण कोई भी खाद्यान्न स्टॉक खराब नहीं हुआ है।

**(घ) और (ड):** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में भंडारण क्षमता की आवश्यकता, खाद्यान्नों (चावल और गेहूं) के लिए खरीद के स्तर, बफर मानदंडों की आवश्यकता और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) परिचालनों पर निर्भर करती है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) भंडारण क्षमता का निरंतर आकलन और निगरानी करता है तथा आवश्यकता और भंडारण अंतर (स्टोरेज गैप) आकलन के आधार पर, बिहार सहित सम्पूर्ण भारत में भंडारण क्षमताएं निम्नलिखित स्कीमों के माध्यम से निर्मित/किराए पर ली जाती हैं:-

...2/-

1. सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत साइलोज़ का निर्माण।
2. निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) स्कीम।
3. केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम भंडारण और गोदाम।
4. केन्द्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी)/राज्य भंडारण निगम (एसडब्ल्यूसी)/राज्य एजेंसियों से गोदाम किराए पर लेना।
5. निजी भंडारण स्कीम (पीडब्ल्यूएस)।
6. परिसंपत्ति मुद्रीकरण के तहत गोदामों का निर्माण।

विभिन्न स्कीमों के तहत गोदामों के निर्माण के लिए निर्धारित समय सीमा संविदा के अनुसार है।

*****